कार्यालय छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर
व्यापम भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर–19, अटल नगर, रायपुर (छ.ग.)–492002
Phone No.- 0771-2972780, Fax No.- 2972782,
E-mail- cgvyapam19@gmail.com Website- cgvyapam.choice.gov.in

क्रमांक / व्यापम / 2019 / 1718

रायपुर, दिनांक 12/07/2019

प्रेस विज्ञप्ति

व्याख्याता (गणित, भौतिकी, रसायन, जीव विज्ञान, वाणिज्य) (ई. एवं टी. संवर्ग) एवं व्याख्याता (अंग्रेजी) (ई. एवं टी. संवर्ग) भर्ती परीक्षा के प्रवेश पत्र डाउनलोड करने की तिथि में वृद्धि करने के संबंध में

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर द्वारा छत्तीसगढ़ शासन, स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालक, लोक शिक्षण, छ.ग. के प्रस्ताव पर व्याख्याता भर्ती परीक्षाओं का आयोजन दिनांक 14 जुलाई 2019, रविवार को दो पालियों में किया जायेगा । प्रथम पाली में पूर्वान्ह 9:00 से 12:15 बजे तक व्याख्याता (गणित, भौतिकी, रसायन, जीव विज्ञान, वाणिज्य) (ई. एवं टी. संवर्ग) (SELA19) भर्ती परीक्षा एवं द्वितीय पाली में अपरान्ह 2:00 से 5:15 बजे तक व्याख्याता (अंग्रेजी) (ई. एवं टी. संवर्ग) (SELE19) भर्ती परीक्षा का आयोजन किया जायेगा ।

उपरोक्त परीक्षाओं के प्रवेश पत्र व्यापम की वेबसाइट cgvyapam.choice.gov.in पर दिनांक 04.07.2019 से अपलोड कर दिया गया था । दिनांक 04.07.2019 से 11.07.2019 को रात्रि 11:59 बजे के मध्य अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र डाउनलोड करने की सुविधा दी गई थी।

आज दिनांक तक व्याख्याता (गणित, भौतिकी, रसायन, जीव विज्ञान, वाणिज्य) (ई. एवं टी. संवर्ग) (SELA19) भर्ती परीक्षा के लगभग 9,000 एवं व्याख्याता (अंग्रेजी) (ई. एवं टी. संवर्ग) (SELE19) भर्ती परीक्षा के लगभग 5,500 अभ्यर्थियों ने प्रवेश पत्र डाउनलोड नहीं किए हैं । अतः परीक्षार्थियों के हित में प्रवेश पत्र डाउनलोड करने की तिथि में वृद्धि की गई है । अभ्यर्थी परीक्षा दिवस तक प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं ।

कृपया उक्त विज्ञप्ति परीक्षार्थियों के हित में अपने लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र में एवं प्रदेश से मुद्रित होने वाले सभी संस्करणों में समाचार वृत्त के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें ।

(डॉ. प्रदीप चौबे)
सलाहकार
छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल
रायपुर